आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली के द्वारका में यशोभूमि सम्मेलन केंद्र में विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर दो दिवसीय होम्योपैथी संगोष्ठी का शुभारंभ करेंगी। संगोष्ठी का आयोजन आयुष मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद कर रही है। इसका विषय है—अनुसंधान और कार्यदक्षता में वृद्वि। इस आयोजन का उद्देश्य समग्र स्वास्थ्य और आरोग्य तथा होम्योपैथी शोध में अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग को प्रोत्साहन देना है। इस वैज्ञानिक संगोष्ठी में महामारी और जन स्वास्थ्य, होम्योपैथी, औषधि मानक और प्राथमिक अनुसंधान सहित अन्य विषयों पर सत्र होंगे।

अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने सबका साथ—सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ कार्य किया है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के नंगल चौक में आयोजित अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं से करोड़ों पात्र लोगों को लाभान्वित किया गया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश को आज कांग्रेस के लूट तंत्र, परिवारवाद और भ्रष्टाचार से आज़ादी मिली है और मोदी सरकार के किसी भी मंत्री पर आज तक भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है।

सुक्खू

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल अपने हमीरपुर दौरे के दौरान लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव को लेकर कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से फीडबैक ली। मुख्यमंत्री ने उपचुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से भी मुलाकात की और दावेदारों ने अपनी बात मजबूती से रखी। वहीं उन्होंने सभी को एकजुट होकर चुनाव लड़ने व पार्टी उम्मीदवार के लिए काम करने का मूलमंत्र दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फीडबैक के आधार पर जिताऊ उम्मीदवारों को मैदान में उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावों के लिए अभी समय हैं और पार्टी अपनी रणनीति के हिसाब से निश्चित समय पर उम्मीदवार घोषित करेगी।

नवरात्रे

चैत्र नवरात्रे के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रहमचारिणी की पूजा अर्चना की जा रही है। ब्रहमचारिणी देवी ज्ञान, वैराग्य और ध्यान की अधिष्ठात्री है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है और श्रद्धालु उपवास रख मां के चरणों में शीष नवाकर श्रद्धा प्रकट कर रहे हैं। इस बीच प्रदेश के पांचों शक्तिपीठों में कल पहले नवरात्रे पर 56 हजार से अधिक

श्रद्धालुओं ने शीश नवाया। शक्तिपीठों में भीड़ को नियंत्रित करने और उनकी सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

स्पष्टीकरण

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने स्पष्ट किया है कि जो छात्र आम चुनाव में वोट डालते हैं और अपनी उंगलियों पर स्याही लगवाते हैं, उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से नहीं रोका जाएगा। एजेंसी के द्वारा कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस संबंध में चल रहे संदेश पूरी तरह से निराधार हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा है कि उसने ऐसा कोई दिशानिर्देश जारी नहीं किया है। एजेंसी ने छात्रों से कहा है कि वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। छात्र अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें और आगामी परीक्षा की तैयारी करें।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज समाचार पत्रों ने निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–इस्तीफा मंजूर नहीं होने पर निर्दलीय विधायकों ने दी हाईकोर्ट में चुनौती–आज होगी मामले की सुनवाई। पंजाब केसरी लिखता है–तीन निर्दलीय विधायकों को आज विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष उपस्थित रहने के निर्देश–अनुपस्थित रहे तो माना जाएगा कोई दलील नहीं देना चाहते तीनों विधायक। दैनिक भास्कर का कहना है–निर्दलीय विधायक तीन मार्च को सदस्यता से दे चुके हैं इस्तीफा। हिमाचल दस्तक का शीर्षक है–दोपहर सवा 12 बजे विधानसभा कमेटी रूम में उपस्थित रहने के मिले हैं आदेश। दैनिक सवेरा टाइम्स के मुताबिक–हिमाचल के तीन निर्दलीय विाधयक आज होंगे विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष उपस्थित।

अमर उजाला ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–जयराम को पहले नहीं आई हमीरपुर की याद। वहीं दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–जयराम को नींद में भी कुर्सी दिख रही।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने खबर दी है–हिमाचल के महासमर में विधायकों को उतारकर भाजपा को चौंकाने की कोशिश में कांग्रेस। इसी समाचार पत्र ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है–हिमाचल में चारों सीटें फिर होगी भाजपा के खाते में।

आपका फैसला ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के बयान को शीर्षक दिया है–विक्रमादित्य, विनोद व विवेक हैं हमारे प्रत्याशी।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–नए कनेक्शन और निर्माण कार्यों में पानी के इस्तेमाल पर विभाग की रोक। हिमाचल दस्तक लिखता है–अंगूठा लगाने से नहीं, आंख दिखाने मिलेगा राशन–डिपुओं में लगेंगे आई स्कैनर।

अर्की में डी.सी. को ही दे रही एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक, सोलन से लेकर अर्की तक भरे सैंपल–शीर्षक से खबर को पंजाब केसरी ने प्रमुखता दी है।

दैनिक जागरण लिखता है–सुंदरनगर में चरस तस्करी के आरोपित ने पुलिस कर्मचारी पर चढ़ा दी कार। शिमला में चिट्टे की तस्करी से जुड़ी खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है–पंजाब के पूर्व मंत्री सुच्चा सिंह के बेटे समेत 5 लोग चिट्टे के साथ गिरफ्तार।